# अनुक्रमणिका


| क्रम.सं. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | भाषा (Language) | 7 |
| 2. | वर्ण एवं वर्णमाला (Alphabet) | 13 |
| 3. | स्वरों की मात्राएँ (Symbols of Vowels) | 17 |
| 4. | शब्द और वाक्य (Words and Sentences) | 22 |
| 5. | नाम वाले शब्द (संज्ञा) (Noun) | 27 |
| 6. | लड़का-लड़की (लिंग) (Gender) | 31 |
| 7. | एक-अनेक (वचन) (Number) | 35 |
| 8. | सबके नाम (सर्वनाम) (Pronoun) | 40 |
| 9. | विशेषता बताने वाले शब्द (विशेषण)(Adjective) | 43 |
| 10. | आओ, कुछ काम करें (क्रिया) (Verb) | 47 |
| 11. | समान अर्थ वाले शब्द (पर्यायवाची) (Synonyms) | 50 |
| 12. | उल्टे अर्थ वाले शब्द (विलोम) (Antonyms) | 55 |
| | गिनती सीखें (केवल पठन हेतु) | 60 |
| 13. | चित्र-वर्णन (Picture-Description) | 62 |
| | पहेलियाँ (केवल पठन हेतु) | 65 |
| 14. | कहानी-लेखन (Story Writing) | 66 |
| | स्वमूल्यांकन पत्र-1 | 69 |
| | स्वमूल्यांकन पत्र-2 | 71 |


EDITONE INTERNATIONAL

अध्याय 1

# भाषा
## (Language)

**पढ़िए और समझिए**

हम अपनी बात को बोलने के लिए तथा दूसरों की कही गई बात को समझने के लिए क्या करते हैं?

आइए, चित्र के द्वारा समझते हैं–



बच्चे आपस में **बात** करते हुए




अध्यापिका **लिखकर** पढ़ाती हुई



नानी माँ बच्चों को **कहानी** सुनाती हुई




दादा जी समाचार-पत्र **पढ़ते** हुए

ऊपर दिए गए चित्रों में कोई अपनी बात **कह** रहा है, कोई **सुन** रहा है, कोई **पढ़** रहा है, तो कोई **लिख** रहा है। ये सभी कार्य **भाषा** में शामिल हैं।

# अलग-अलग बोलें सब बोली

भारत में जितनी तरह के लोग हैं, उतनी ही भाषाएँ भी बोली जाती हैं। लोगों की तरह पशु-पक्षी भी अपनी बातों को बोलकर एक-दूसरे को समझाते हैं, जिसे **बोली** कहा जाता है।




खौ-खौ
बर्र-बर्र
चिंघाड़ना
भौं-भौं
म्याऊँ-म्याऊँ
में-में
घुर्र-घुर्र

# भाषा के दो रूप ( भेद )




## 1. बोलना/सुनना

जब कोई अपनी बात कहता है, तब हम उसे **सुनकर** समझते हैं।




## 2. लिखना/पढ़ना

जब कोई अपनी बात लिखता है, तब हम उसे **पढ़कर** समझने का प्रयास करते हैं।

इस प्रकार भाषा के दो रूप (भेद) हैं–

**भाषा**

| मौखिक | लिखित |
| --- | --- |
| जब हम दूसरों को अपनी बात **बोलकर** समझाते हैं। | जब हम अपनी बात को **लिखकर** समझाने का प्रयास करते हैं। |





**भाषा के चार कौशल में बोलना, लिखना, पढ़ना और सुनना शामिल हैं।**

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका कक्षा में छात्र/छात्राओं को भाषा के संबंध में विस्तारपूर्वक समझाएँ तथा पशु-पक्षियों की बोली को चित्रों के माध्यम से बताएँ।

## आइए, पुनरावृति करें

- अपने मन की बातों को दूसरों तक पहुँचाने और दूसरों की बातों को समझने का सबसे सरल माध्यम **भाषा** है।
- भाषा के दो रूप (भेद) होते हैं– मौखिक और लिखित।
- भाषा के चार कौशल में लिखना, बोलना, पढ़ना एवं सुनना शामिल हैं।

## अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य
Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) अपनी बातों को दूसरों तक पहुँचाने का सबसे सरल माध्यम क्या कहलाता है?

(ख) भाषा के दो रूप कौन-कौन से हैं?

### लेखन कार्य
Writing Skills

**1. सही विकल्प के सामने (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) बोलना, सुनना, लिखना और पढ़ना क्या है?

☐ वर्ण विचार ☐ भाषा का माध्यम

☐ अक्षर ☐ शब्द ज्ञान

(ख) मौखिक भाषा का उदाहरण कौन-सा है?

☐ किताब ☐ पेंसिल ☐ मोबाइल ☐ कलम

(ग) लिखित भाषा का उदाहरण बताएँ।

☐ मोबाइल फ़ोन ☐ किताब ☐ टी०वी० ☐ रेडियो


(घ) निम्न में से कौन-सी एक भाषा है?

☐ कंप्यूटर ☐ हिंदी ☐ मोबाइल ☐ कैलकुलेटर

(ङ) चीं-चीं कौन करती है?

☐ कोयल ☐ कौआ ☐ चिड़िया ☐ तोता

EDITONE INTERNATIONAL





**2. दिए गए वाक्यों के सामने भाषा के कौशल को लिखिए।**

(क) शिक्षिका ने पाठ पढ़ाया। ..............................

(ख) पाठ समझ में आया। ..............................

(ग) अध्यापक ने मेरी उत्तर पुस्तिका में 'शाबाश' लिखा। ..............................

(घ) मैंने पिता जी को बताया। ..............................

**3. दिए गए चित्रों में भाषा के किस माध्यम का प्रयोग किया जा रहा है? लिखिए।**


..............................


..............................


..............................


..............................


..............................


..............................

### सोचें-विचारें
Critical Thinking

4. आप अपने विद्यालय में किस तरह की भाषा को बोलते और सुनते हैं? विचार कीजिए।

### खेल-खेल में
Brain Storming Activity

5. आपके परिवार के लोग कौन-सी भाषा बोलते हैं? उनसे पूछिए और कक्षा में अपने मित्रों के साथ चर्चा कीजिए।

### प्रेरणादायक मूल्य

भारत की राजभाषा 'हिंदी' है। हमें हिंदी के साथ-साथ अन्य भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए।

EDUONE INTERNATIONAL




# वर्ण एवं वर्णमाला
## (Alphabet)

**पढ़िए और समझिए**

बच्चो! दिए गए चित्रों को पहचानकर इनके नाम बोलिए। इनके नाम की पहली आवाज़ को नीचे दिए गए रिक्त स्थानों में लिखिए।

ख .................... .................... .................... ....................

आपने जाना कि सभी आवाज़ें अलग–अलग हैं। इन्हीं आवाज़ों को जब हम लिखते हैं, तो उन्हें वर्ण कहते हैं; जैसे– 'कमल' शब्द बोलते समय क+म+ल की आवाज़ (ध्वनि) निकलती है।

> बोलते समय मुँह से निकलने वाली सबसे छोटी आवाज़ (ध्वनि) को वर्ण या अक्षर कहते हैं।

### वर्णों के प्रकार

वर्ण दो प्रकार के होते हैं–

**स्वर**


स्वर संख्या में 11 होते हैं।

**व्यंजन**

व्यंजन संख्या में 33 होते हैं। कुछ अन्य व्यंजन भी होते हैं।

EDUCONE INTERNATIONAL









# वर्णमाला

इसमें स्वर और व्यंजन आते हैं।

## स्वर




अन्य चिह्न  अं (अनुस्वार बिंदु)  अः (विसर्ग)  अँ (चंद्रबिंदु)

अं (अनुस्वार) तथा अः (विसर्ग) को अयोगवाह कहा जाता है।

## व्यंजन




## संयुक्त व्यंजन




## अन्य व्यंजन

| | |
|---|---|
| ड़ | ढ़ |

**अध्यापन संकेत** शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को वर्ण तथा वर्णमाला कंठस्थ कराएँ साथ ही विभिन्न युक्तियों का प्रयोग कर बच्चों को वर्णों की पहचान करवाएँ।

## आइए, पुनरावृत्ति करें

- भाषा की सबसे छोटी इकाई को वर्ण कहते हैं।
- वर्ण के दो भेद होते हैं–1. स्वर 2. व्यंजन।

## अभ्यास कार्य

### मौखिक कार्य

Speaking Skills

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।**

(क) वर्ण किसे कहते हैं?

(ख) वर्णमाला में कुल कितने स्वर होते हैं?

### लेखन कार्य

Writing Skills

**1. स्वरों की रेलगाड़ी में छूटे हुए स्वर लिखकर पूरा कीजिए।**




**2. दिए गए प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्प के सामने ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) ध्वनि के लिखित रूप को क्या कहते हैं?

- ☐ शब्द
- ☐ वर्ण
- ☐ भाषा
- ☐ वाक्य

(ख) हिंदी में स्वरों की संख्या कितनी होती है?

- ☐ 11
- ☐ 18
- ☐ 40
- ☐ 33

(ग) हिंदी में संयुक्त व्यंजनों की संख्या कितनी होती है?

- ☐ 15
- ☐ 11
- ☐ 4
- ☐ 52

EDUONE INTERNATIONAL

3. दिए गए वर्णों से शुरू होने वाले दो-दो शब्द लिखिए।

(क) अ अनार अख़बार

(ख) उ .................................. ..................................

(ग) ऐ .................................. ..................................

(घ) च .................................. ..................................

(ङ) ख .................................. ..................................

**सोचें-विचारें** Critical Thinking

4. अपना नाम लिखिए तथा उसी वर्ण से शुरू होने वाले चार अन्य नाम लिखिए।


मेरा नाम ....................................................................................................

अन्य नाम- 1. ........................................ 2. ........................................

3. ........................................ 4. ........................................

**खेल-खेल में** Brain Storming Activity

5. 'क' से 'ज्ञ' तक के व्यजंनों को पेंसिल से जोड़ते हुए चित्र को पूरा कीजिए और रंग भरिए।




**प्रेरणादायक मूल्य**

जिस प्रकार वर्णों के मिलने से वर्णमाला बनती है, क्यों न हम सब भी मिलकर रहें और खुशियाँ बाँटें।

EDITONE INTERNATIONAL